SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
An affiliated college of Maa Pateswari University, Balrampur
Accredited B++ By NAAC

दीक्षारम्भ कार्यक्रम पर रिपोर्ट

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा के कृषि संकाय में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दिनांक 22 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक पाँच दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संरचना, महाविद्यालयीन वातावरण, और संस्थागत मूल्यों से अवगत कराना था ताकि वे आत्मविश्वासपूर्वक अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को न केवल महाविद्यालय की भौतिक एवं अकादमिक सुविधाओं से परिचित कराया, बल्कि उन्हें भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने का अवसर भी दिया। प्रथम दिवस 22 जुलाई 2025 को कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो. रविंद्र कुमार पाण्डेय, NAAC समन्वयक प्रो. जीतेन्द्र सिंह, कृषि संकाय प्रभारी डॉ. रेखा शर्मा तथा डॉ शिशिर त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन और आत्मविकास के विषय में प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय दिवस 23 जुलाई 2025 को महाविद्यालय की नियंता परिषद से जुड़े वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य नियंता प्रो अमन चंद्रा द्वारा छात्रों को परीक्षा प्रणाली, अनुशासन संहिता, पाठ्यक्रम संरचना और प्रशासनिक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम संवादात्मक रहा, जिसमें छात्रों के प्रश्नों के उत्तर भी विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। तृतीय दिवस 24 जुलाई 2025 छात्रों को महाविद्यालय की सुविधाओं और संसाधनों से परिचित कराया गया। पुस्तकालय समन्वयक डॉ. अशोक यादव, लाइब्रेरियन श्री राम भवन सिंह, तथा मेडिकल सेल के प्रभारी डॉ. हरीश शुक्ला ने क्रमशः पुस्तकालय उपयोग की प्रक्रिया, संदर्भ सामग्री की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। 25 जुलाई 2025 कार्यक्रम के चौथे दिन खेलकूद, एनसीसी एवं करियर काउंसलिंग से संबंधित गतिविधियाँ पर चर्चा की गईं। प्रो. जय शंकर तिवारी, डॉ. मनोज मिश्रा, तथा डॉ. अमित कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, खेलकूद की भूमिका और एनसीसी में भागीदारी जैसे विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिए। 26 जुलाई 2025 समापन सत्र में महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो. बी. पी. सिंह, प्रो. संजय पाण्डेय, IQAC प्रभारी प्रो. जीतेन्द्र सिंह, प्रो संदीप श्रीवास्तव, संस्कृतिक समिति की निदेशिका डॉ. रेखा

शर्मा तथा डॉ रवि प्रकाश ओझा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के साथ साथ कृषि संकाय के सभी प्राध्यापक डॉ घनश्याम द्विवेदी-अध्यक्ष कृषि संकाय, डॉ स्मिता सिंह, डॉ विनय कुमार पाण्डेय, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ श्रीकांत, डॉ करुणेश कुमार दुबे तथा डॉ स्मृति शिशिर का विशेष योगदान रहा। इस दिन छात्रों से संवाद कर उनके अनुभव साझा कराए गए तथा उन्हें महाविद्यालय की संस्कृतिक गतिविधियों, गुणवत्ता उन्नयन प्रक्रिया एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया गया। यह पाँच दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम कृषि संकाय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इससे न केवल उन्हें महाविद्यालयीन वातावरण को समझने का अवसर मिला, बल्कि आत्मविश्वास, जागरूकता और जिम्मेदारी के भाव का भी विकास हुआ। अभिभावकों एवं छात्रों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सार्थक और प्रभावशाली बना दिया।

पंचदिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ समापन

गोंडा। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में बी.एससी. कृषि की कक्षाओं का पंच दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ इन परिचयात्मक कक्षाओं में पढ़ने के लिए पहुंचे।उप प्राचार्य प्रो. बी. पी. सिंह, नैक समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह, गणित विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार पांडेय, डॉ. घनश्याम द्विवेदी और डॉ. स्मिता सिंह ने माँ सरस्वती के पूजन से समारोह दिवस का कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्रो. बी. पी. सिंह ने महाविद्यालय के बारे में जानकारियों को बिंदुवार देते हुए विद्यार्थियों को कक्षा में नियमित आकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन का यह समय भविष्य संवारने का समय है। अपनी निर्धारित कक्षाओं से बचे हुए समय में महाविद्यालय-वाचनालय में पुस्तकों को निर्गत कराकर अध्ययन करने में समय का सदुपयोग करें। नैक समन्वयक प्रो. जितेन्द्र सिंह ने प्रत्येक स्तर पर चुनौतियों से मुकाबला करने की प्रेरणा देते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ विनय कुमार पाण्डेय, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह और डॉ श्रीकांत, करुणेश दुबे उपस्थित रहे।